हेमचन्द गोयल
निगम पार्षद
दिल्ली नगर निगम
वार्ड नं. 203, बदरपुर, नई दिल्ली
सदस्य :
1. नियुक्ति, पदोन्नति, अनुशासनात्मक एवं सम्बद्ध मामले समिति
2. ग्रामीण क्षेत्रीय समिति
3. निर्माण समिति

कार्यालय दूरभाष : 29893694

कार्यालय :
607, मैन जैतपुर रोड
ताजपुर पहाड़ी, बदरपुर
नई दिल्ली - 110 044

A 66

14 NOV 2011

10.11.2011

क्रमांक ____________ दिनांक ____________

OFFICE OF UDM
Dy. No. 3997
Date 18/11/11

श्री कमलनाथ जी
माननीय शहरी विकास मंत्री
भारत सरकार
निर्माण भवन, नई दिल्ली

विषय: निगम वार्ड मीठापुर व जैतपुर को दिल्ली विकास प्राधिकरण द्वारा ओ जोन **(ZONE O)** से एफ जोन **(ZONE F)** मै परिवर्तित करने हेतू

मान्यवर

इस पत्र के माध्यम से आपको अवगत कराना चाहुँगा कि शहरी विकास मंत्रालय भारत सरकार द्वारा लागू मास्टर प्लान 2021 के अंतर्गत दिल्ली विकास प्राधिकरण द्वारा नगर निगम वार्ड मीठापुर व जैतपुर के सम्पूर्ण क्षेत्र को ओ जोन **(ZONE O)** में रखा गया है जो कि पूर्णतया गलत है। माननीय उच्च न्यायालय द्वारा समय समय पर पारित आदेशों के अनुसार ओ जोन यमुना नदी की धारा के दोनो तरफ 300 मीटर क्षेत्र को माना गया है। उपरोक्त दोनो निगम वार्डो का क्षेत्र यमुना नदी की धारा से 2 से 6 किलो मीटर पर स्थित है जो कि यमुना नदी के अग्रभाग/यमुना रीवर बैड से पर्याप्त दूरी पर स्थित है।

महोदय उपरोक्त क्षेत्र के अंतर्गत तीन गांव मीठापुर,हरीनगर तथा जैतपुर तथा सरकार द्वारा 20-सूत्रीय योजना के अंतर्गत भूमिहीनों को प्लाट आवंटित कर बसाई गई हरीजन बस्ती एवं दर्जनों अनाधिकृत कालोनियाँ है जो कि पूर्णतया विकसित है जिनमें लगभग चार लाख लोग निवास करते है। ये सभी अनाधिकृत कालोनियाँ दिल्ली सरकार की 1639 की सूची में शामिल है जिनके नियमितीकरण की प्रकिया तेजी से चल रही है। यहाँ सरकार द्वारा सडक,नाली,बिजली तथा पानी आदि की सुविधाऐं पूरी तरह से उपलब्ध करा दी गई है। इस क्षेत्र में तीन प्राथमिक तथा तीन सीनियर सैंकडरी विधालय, डिसपैंसरी तथा बारातघर आदि बनाए जा चुके है।

दिल्ली विकास प्राधिकरण द्वारा यमुना नदी से एक किलोमीटर से भी कम दूरी पर सरिता विहार,जसौला विहार तथा पुनर्वास कालोनी मदनपुर खादर बसाई गई है इसलिए मेरा आपसे अनुरोध है कि उपरोक्त कालोनियों की भांति इस क्षेत्र को भी एफ जोन **(ZONE F)** श्रेणी रखवाकर यहाँ के लगभग चार लाख नागरिकों को राहत प्रदान करने की कृपा करें। मै आपका सदैव आभारी रहुँगा।

PS UDM

Secretary UD

सादर

आपका

(हेमचन्द गोयल)

1 माननीय उपराज्यपाल, दिल्ली सरकार
2 माननीय मुख्यमंत्री, दिल्ली सरकार
3 उपाध्यक्ष, दिल्ली विकास प्राधिकरण
4 निदेशक (योजना) एम पी आर, दिल्ली विकास प्राधिकरण
5 आयुक्त, दिल्ली नगर निगम
6 मुख्य सचिव, शहरी विकास विभाग, दिल्ली सरकार
7. श्री रमेश कुमार (माननीय सांसद)
8. श्री राम सिंह नेताजी (माननीय विधायक)